आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

प्रादेशिक समाचार

18.45 शनिवार 12.09.2026

मुख्य समाचारः–

1– भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली में आज से अठारहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू–प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन–केंद्रित और मानवता को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर आधारित है।

2– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के पच्चीस वर्ष पूरे होने के अवसर पर देशभर में सत्रह सितंबर से चलाया जाएगा ''सेवा संकल्प अभियान''।

3– मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि प्रदेश के विभिन्न खेल संघों को उद्योग समूहों से जोड़ा जाएगा।

4– अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी गई।

ब्रिक्स–शिखर सम्मेलन

भारत की अध्यक्षता में नई दिल्ली के भारत मंडपम् में आज से अठारहवां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन शुरू हो गया है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पिछले बीस वर्षों में ब्रिक्स ने वैश्विक मंच पर अपनी अलग पहचान बनाई है और यह शिखर सम्मेलन एक ऐतिहासिक पड़ाव है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता जन–केंद्रित और मानवता को प्राथमिकता देने के दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता निर्माण के लिए भारत की प्रमुख प्राथमिकताएं रही हैं। इन प्राथमिकताओं के तहत ब्रिक्स सहयोग को आम लोगों से सीधे जोड़ने पर विशेष बल दिया गया।

दो दिनों तक चलने वाले इस वैश्विक सम्मेलन में विकासशील और उभरती हुई अर्थव्यवस्था वाले ग्यारह देश शामिल हो रहे हैं। इनमें ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया, इंडोनेशिया, भारत, ईरान, रूस, सऊदी अरब, दक्षिण अफ्रीका और संयुक्त अरब अमीरात शामिल हैं। ब्रिक्स सम्मेलन की थीम है "लचीलापन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण।"

सेवा संकल्प अभियान–मुख्यमंत्री–प्रेसवार्ता

देशभर में सत्रह सितंबर से सत्रह अक्टूबर तक ''सेवा संकल्प अभियान'' चलाया जाएगा। आज रायपुर स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सेवा और समर्पण के पच्चीस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित किया जाएगा। श्री साय ने बताया कि सत्रह सितंबर को शाम सात बजे ''आशीर्वाद का दीया'' प्रज्जलित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सत्रह अक्टूबर को सुशासन सेवा संवाद के साथ इस अभियान का समापन होगा।

मुख्यमंत्री–छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि प्रदेश में खेल अधोसंरचना का विस्तार करने के साथ ही खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आज रायपुर में छत्तीसगढ़ ओलंपिक संघ की एग्जीक्यूटिव बॉडी मीटिंग और जनरल काउंसिल मीटिंग को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश के विभिन्न खेल संघों को उद्योग समूहों से जोड़ा जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ ओलंपिक

संघ और राज्य शासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जशपुर के पंडरापाठ में लगभग पच्चीस करोड़ रुपए की लागत से आर्चरी अकादमी की स्थापना की जा रही है। वहीं, बस्तर और सरगुजा ओलंपिक ने क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर प्रदान किया है।

बैठक में चालीसवें नेशनल गेम्स का आयोजन छत्तीसगढ़ में कराने के विषय पर भी चर्चा हुई।

राज्यपाल–दीक्षांत समारोह

राज्यपाल रमेन डेका आज रायपुर स्थित आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में उन्नीस विद्यार्थियों को स्वर्ण और सोलह विद्यार्थियों को रजत पदक प्रदान किया गया। वहीं, स्नातकोत्तर और स्नातक स्तर पर पांच सौ चार विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गईं।

इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि आज डिजिटल एडिक्शन किसी भी अन्य एडिक्शन से अधिक खतरनाक हो गया है। विद्यार्थियों को तकनीक का सदुपयोग करते हुए इसके दुष्प्रभावों से बचना चाहिए।

स्वाइन फ्लू

छत्तीसगढ़ में पिछले चौबीस घंटों के दौरान स्वाइन फ्लू के तीस मरीजों की पुष्टि हुई है। इनमें सबसे अधिक तेरह मरीज रायपुर में पाए गए हैं। वहीं, दुर्ग और बेमेतरा में छह–छह मरीज मिले हैं। इस तरह प्रदेश में अब तक स्वाइन फ्लू के कुल चार सौ सात मरीज मिल चुके ळें

जिले की चिट्ठी

प्रादेशिक समाचार एकांश, आकाशवाणी रायपुर द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम "जिले की चिट्ठी" का प्रसारण कल शाम छह बजकर पांच मिनट से छह बजकर दस मिनट तक किया जाएगा। इस कार्यक्रम को छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केन्द्र रिले करेंगे। इस बार के अंक में ''दुर्ग'' जिले की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी जाएगी।

राष्ट्रीय लोक अदालत

प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत के माध्यम से बैंक संबंधी प्रकरण, बिजली बिल, टेलीफोन बिल विवाद, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक और वैवाहिक विवाद, चेक बाउंस प्रकरण के साथ ही सिविल तथा अन्य प्रकरणों का आपसी सहमति से निराकरण किया गया।

दंतेवाड़ा–वार्तालाप

सूचना और प्रसारण मंत्रालय के पत्र सूचना कार्यालय–पीआईबी रायपुर द्वारा दंतेवाड़ा में 'वार्तालाप' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बस्तर सांसद महेश कश्यप शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दंतेवाड़ा सहित बस्तर संभाग को नशामुक्त और स्वच्छ बनाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता हैं। उन्होंने 'नशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारत –संकल्प अभियान', राष्ट्रीय पोषण माह और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को स्वस्थ और विकसित समाज के निर्माण से जुड़े महत्वपूर्ण विषय बताते हुए जनजागरूकता के साथ सामुदायिक भागीदारी पर जोर दिया।

वहीं, महिला और बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम प्रबंधक रविकांत ध्रुव ने राष्ट्रीय पोषण माह की प्रमुख प्राथमिकताओं के साथ ही पोषण आहार तथा प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की जानकारी दी।

ईडी–कार्रवाई

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग–सी.जी.पी.एस.सी. पर्चा लीक मामले में प्रवर्तन निदेशालय –ईडी ने कल बलरामपुर में छापा मारकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के तत्कालीन ओएसडी चेतन बोरघरिया को गिरफ्तार कर लिया। ईडी की टीम उन्हें कल रात रायपुर लेकर पहुंची और विशेष अदालत में पेश किया। अदालत ने पूछताछ के लिए ईडी को पांच दिन की अनुमति दी है। ईडी ने चेतन बोरघरिया को धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत गिरफ्तार किया है। वर्ष दो हजार उन्नीस से दो हजार बाईस के बीच चेतन बोरघरिया कांग्रेस सरकार में पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी–ओएसडी के पद पर कार्यरत थे।

यूसीसी–बैठक

प्रदेश में समान नागरिक संहिता–यूसीसी के क्रियान्वयन को लेकर राज्य स्तरीय उच्च स्तरीय समिति की दो दिवसीय परामर्श बैठक रायपुर में आयोजित की गई। बैठक में समिति के सदस्य एम.के. राउत की अध्यक्षता में समान नागरिक संहिता से जुड़े वर्तमान नियमों और कानूनों की जानकारी दी गई। बैठक में गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति ने आदिवासी समाज की रूढ़िगत परंपराओं और सांस्कृतिक पहचान की रक्षा के लिए आदिवासी समुदाय को समान नागरिक संहिता के दायरे से अलग रखने का अनुरोध किया। वहीं, राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने लैंगिक समानता, बेटे–बेटी को संपत्ति में समान अधिकार और विवाह तथा तलाक के अनिवार्य पंजीयन सहित विभिन्न सुझाव दिए।

मौसम

मौसम विभाग ने अगले चौबीस घंटों के दौरान मध्य छत्तीसगढ़ में एक–दो स्थानों पर भारी वर्षा होने की चेतावनी दी है। वहीं, कुछ स्थानों पर गरज–चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आंशका है।

दुर्ग जिले के लिटिया चौकी अंतर्गत मोहंदी मोड़ के पास आकाशीय बिजली की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। वहीं, एक अन्य युवक झुलस गया।

इस बीच, हाल ही में हुई लगातार बारिश के कारण धमतरी स्थित गंगरेल बांध पानी से लबालब हो चुका है। इसके नौ गेट खोले जा चुके हैं। बांध से लगभग तिरपन हजार क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। जिला प्रशासन ने नदी किनारे और निचली बस्ती में रहने वाले लोगों को अलर्ट किया है। इसी जिले में स्थित मुरुम सिल्ली बांध के भी सभी गेट खोल दिए गए हैं। इससे धमतरी–नरहरपुर मार्ग पर आवागमन बाधित हुआ है।

वहीं, बारिश के कारण दुर्ग जिले में शिवनाथ नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। करीब सात हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के कारण महमरा एनीकट से करीब साढ़े पांच फीट ऊपर पानी बह रहा है। बढ़ते जलप्रवाह को देखते हुए तटवर्ती गांवों के लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

नदी–शव बरामद

जांजगीर–चांपा जिले में हसदेव नदी में कल बहे तीन छात्रों में से एक का शव बरामद कर लिया गया है। जबकि, दो अन्य की तलाश अभी भी जारी है। नगर सैनिकों और गोताखोरों के दल ने आज एक छात्र का शव बरामद किया। एसडीआरएफ की टीम भी तलाशी अभियान में

जुट गई है। वहीं, ड्रोन की भी मदद ली जा रही है। गौरतलब है कि बिलासपुर के एक कॉलेज के आठ छात्र–छात्राएं पिकनिक मनाने के लिए कल देवरी गए थे। वहां सेल्फी लेने के दौरान एक छात्र नदी में गिर गया, उसे बचाने के लिए दो अन्य छात्र भी नदी में कूद गए और फिर तीनों ही छात्र गहरे पानी में डूब गए।

वहीं, दुर्ग जिले के सेलूद–भाठापारा स्थित तांदुला नहर में आज सुबह तेरह वर्षीय कबड्डी खिलाड़ी शुभम यादव नहर के तेज बहाव में बह गया। घटना की सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और स्थानीय प्रशासन की टीम शुभम यादव की तलाश में जुट गई है। रायपुर के गुढ़ियारी का निवासी यह खिलाड़ी सेलूद में आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता में हिस्सा लेने गया था।

<u>संक्षिप्त समाचार</u>

– भिलाई के नेवई थाना क्षेत्र में पैंसठ लाख रुपये से अधिक के धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने कृषि उत्पादों के कारोबार से जुड़ी कंपनी की डायरेक्टर सहित तीन लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

– राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ में आज सुबह हुए एक सड़क हादसे से दो लोगों की मौत हो गई है। पुलिस के अनुसार डोंगरगढ़ से गोंदिया की ओर जा रही तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई। इस हादसे में वाहन चालक सहित दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><>